**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के तृतीय सोमवार के लिए निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-9 का <u>उत्तर।</u>**

| **<u>प्रश्न</u>** | **<u>उत्तर</u>** |
|---|---|
| 9 (क) क्या सहकारिता मंत्री बतायेंगे कि जनपद देवरिया के उत्तरदायी अधिकारियों के संरक्षण में डी0ए0पी0 खाद की खुलेआम काला बाजारी की जा रही हैं? | जी नहीं। |
| (ख) यदि नहीं, तो क्या उक्त जनपद में साधन सहकारी समितियों को तथा प्राइवेट रूप से रजिस्टर्ड समितियों को दिनांक 01 अप्रैल, 2021 से 31 दिसम्बर, 2022 तक डी0ए0पी0 खाद कितनी-कितनी आवंटित की गयी है? | जनपद देवरिया में 01 अप्रैल, 2021 से 31 दिसम्बर, 2022 तक कुल 12934.00 मै0टन डी0ए0पी0 साधन सहकारी समितियों को तथा 2520.00 मै0टन डी0ए0पी0, पी0सी0एफ0 कृषक सेवा केन्द्रों, सहकारी संघों, क्रय-विक्रय सहकारी समितियों आई0एफ0एफ0डी0सी0, स्वर्ण जयंती महिला उपभोक्ता सहकारी समिति, इफको बाजार एवं एग्रीजंक्शन के उर्वरक बिक्री केन्द्रों को आवंटित किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य किसी समिति को डी0ए0पी0 का आवंटन नही किया गया है। |
| (ग) क्या उत्तरदायी अधिकारियों के द्वारा धन वसूली कर के निजी समितियों को बड़े पैमाने पर डी0ए0पी0 खाद का आवंटन किया जा रहा है? | जी नहीं। |
| (घ) क्या उक्त की जॉच करा कर जॉच ऑख्या सदन की मेज पर रखेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |

जे0पी0एस0 राठौर
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
सहकारिता विभाग।